# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 17.10.2025**

- ❖ **थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध आतिशबाजी/ पटाखा भण्डारण करना वाला 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- ❖ **अभियुक्त के कब्जे से कुल 218 कि0ग्रा0 अवैध आतिशबाजी/पटाखे बरामद किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अवैध रूप से पटाखों के भण्डारण एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 17.10.2025 को क्षेत्राधिकारी सिकन्दरा के नेतृत्व में थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त मुकीम अहमद पुत्र नसीम अहमद निवासी आजाद नगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 35 वर्ष के मकान/पेठा फैक्टरी मोहल्ला आजाद नगर कस्बा व थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात से 218 कि0ग्रा0 आतिशबाजी/ पटाखे (बारूद) बरामद हुआ। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिकन्दरा पर मु0अ0सं0- 0173/2025 धारा 5/9बी विस्फोटक अधिनियम 1884 बनाम मुकीम अहमद उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

मुकीम अहमद पुत्र नसीम अहमद निवासी आजाद नगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 35 वर्ष

**बरमदगी का विवरण-**

**218** कि0ग्रा0 आतिशबाजी/ पटाखे

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना सिकन्दरा पुलिस